1	2	3
23.	बदायूं	—
24.	पीलीभीत	—
25.	नैनीताल	108
26.	बरेली	33
27.	बलिया	73
28.	गाजीपुर	15
29.	गोंडा	121
30.	बहराइच	99
31.	बस्ती	92
32.	सिद्धार्थ नगर	5
33.	गोरखपुर	45
34.	महाराजगंज	11
35.	आजमगढ़	103
36.	मऊ	65
37.	देवरिया	26
38.	सुल्तानपुर	93
39.	रायबरेली	16
40.	फतेहपुर	29
41.	प्रतापगढ़	8
42.	मिर्जापुर	20
43.	सोमभद्र	21
44.	जौनपुर	33
45.	चमोली	34
46.	पौड़ी	10
47.	टिहरी	12
48.	उत्तरकाशी	—
49.	मुजफ्फरनगर	64
50.	सहारनपुर	25
51.	हरिद्वार	10
52.	देहरादून	42
53.	लखनऊ	96
54.	वाराणसी	148
55.	इलाहाबाद	39
56.	गाजियाबाद	116
57.	बुलंदशहर	87
58.	आगरा	31
59.	फिरोजाबाद	17
60.	मेरठ	102
61.	कानपुर महर	5
62.	कानपुर देहात	45
63.	उन्नाव	22
	जोड़	2725

दिल्ली टेलीफोन्स में टेलीफोन आपरेटर

4376. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली टेलीफोन्स में कार्यरत टेलीफोन आपरेटर लिपिक प्रकृति का कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे आपरेटरों की संख्या कितनी थी जो वर्ष 1993 के दौरान लिपिक प्रकृति का कार्य कर रहे थे ;

(ग) क्या लिपिक प्रकृति के पदों पर कार्य करने वाले व्यक्तियों और टेलीफोन आपरेटरों के वेतनमानों के बीच कोई असमानता है; और

(घ) यदि हां, तो लिपिक प्रकृति का कार्य करने के बावजूद उन्हें टेलीफोन आपरेटर का वेतनमान दिये जाने का क्या औचित्य है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) टेलीफोन आपरेटर टेलीफोन आपरेटरों का कार्य कर रहे हैं तथापि ऐसे कुछ के अपवाद हैं जहां आपरेटर लिपिकीय प्रकृति का कार्य कर रहे हैं ।

(ख) कुल 3886 टेलीफोन ऑपरेटरों में से 41 वर्ष 1993 के दौरान अस्थाई रूप से लिपिकीय प्रकृति का कार्य करते रहे है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में "पे-फोन" कनेक्शन

4377. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में "पे-फोन" आवंटित किए गए हैं,

(ख) यदि हां, तो अनुसूचित जातियों, विकलांग व्यक्तियों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को किन-किन स्थानों पर ऐसे कनेक्शन आवंटित किए गए हैं;

(ग) क्या ऐसे टेलीफोन कनेक्शनों के आवंटन के संबंध में कोई अनियमितताएं पाई गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) जी हां ।

(ख) से (घ) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।